## वार्ता 571, सुक्रौली, दिनांक-23.5.08
## Disc.CD No.571, Sukrouli, dated 23.05.08

**समय-00.01- 01.03**

**जिज्ञासु-** गाँव का नाम बाबा, विष्णुपुर है और पोस्ट पड़ता सुक्रौली।

**बाबा-** सुक्रौली? ये चौराहे से इधर? (किसी ने कहा- इधर नहीं, उधर।) चौराहे के आस-पास सुक्रौली है ना। तो क्या लिखें गीता पाठशाला का नाम? (किसी ने कहा- विष्णुपुर, ठुठी।) इतना लम्बा-2! टी.वी. का स्क्रीन ही भर जाएगा। (किसी ने कहा- सुक्रौली।) सुक्रौली? सुक या सुख? (किसी ने कहा- सुक, सुक्रौली।) (किसी और ने कहा- सुख्रौली।) दोनों बातें कैसे होंगी? या तो सुख होगा या तो रोला मचाने वाला होगा। ☺

**Time: 00.01- 01.03**
**Student:** Baba, the village name is Vishnupur and post is Sukrouli.
**Baba:** Sukrouli? Is it this side of the crossroad? (Someone said: Not this side, it is the opposite side.) [The area] near the crossroad is [known as] Sukrouli, isn't it? So, what should I write as the name of the Gita paathashaalaa? (Someone said: Vishnupur, Thuthi.) So long! It will cover up the T.V. *screen*. (Someone said: Sukrouli.) Sukrouli? Is it Suk or Sukh? (Someone said: It is Suk, Sukrouli.) (Someone else said: Sukhrouli.) How can both the things be together? It will either be *sukh* (happiness) or the one which creates *rolaa* (commotion).

**समय- 01.31-03.01**

**जिज्ञासु-** बाबा, टी.वी. पे, रेडियो में जो आएगा कि यही है, यही है। वो कब से स्टार्ट होगा?

**बाबा-** कब से आएगा? माना वि.सी.डी सुनना सारा बंद कर दिया?

**जिज्ञासु-** नहीं। सुन रहे हैं। मतलब कब तक हो जाएगा?

**बाबा-** प्रत्यक्ष होगा तभी तो माना जाएगा। प्रत्यक्ष नहीं होगा तो जन्म कैसे कहा जाएगा भगवान का?

**जिज्ञासु**- तो 2018 के अंदर हो जाएगा की बाद में होगा?

**बाबा**- फिर वो ही बात। माना तुमने वि.सी.डी. सुनना ही बंद कर दिया अब।

**जिज्ञासु**- सुन रहे हैं।

**बाबा**- सुन रहे हो? तो उसमें बताया नहीं कि संगमयुगी कृष्ण नेक्स्ट टू गॉड कहा जाता है उसका प्रत्यक्षता रूपी जन्म कब है? पता ही नहीं चला? बाप बच्चे के द्वारा प्रत्यक्ष होते हैं? बाप का फर्स्ट क्लास बच्चा कौन है? बाप है रचयिता उसकी फर्स्ट क्लास रचना कौन है? (किसी ने कुछ कहा।) तो उसके द्वारा प्रत्यक्ष होते हैं ये टाईम नहीं बताया? भूल गए।

**Time: 01.31.-03.01**
**Student:** Baba, it will be telecasted on T.V, and announced on the radio that 'It is this one Himself'. When will it start?



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

**Baba:** Since, when will it be telecasted? Does it mean you have stopped listening to the VCDs and everything?
**Student:** No, I am listening to it. I mean to say up till when it will happen?
**Baba:** It (the birth) will be considered only when He is revealed. If He is not revealed, how will it be called God's birth?
**Student:** Then, will it happen before 2018 or after that?
**Baba:** Again the same thing. It means you have totally stopped listening to the VCDs now.
**Student:** I am listening to it.
**Baba:** You are listening to it? Then has it not been mentioned in it that the Confluence Age Krishna is called *next to God*? When does his revelation like birth take place? Didn't you come to know [this] at all? That the Father is revealed through the child? Who is the *first class* child of the Father? The Father is the Creator and who is His *first class* creation? (Someone said something.) So, hasn't the *time* when He is revealed through him (creation), mentioned? You forgot it.

**समय-03.10-04.03**
**जिज्ञासु-** बाबा, यु.पी और बिहार के बीच से होते हुए नारायणी नदी बहती है।
**बाबा-** हाँ जी, हाँ जी।
**जिज्ञासु-** और वह नदी बहुत लोगों को तबाह करती है। कई गाँव जो हैं उजाड़ कर फेंकती है।
**बाबा-** बहुत लोगों को...?
**जिज्ञासु-** बहुत गाँवों को हटा देती है अपने एरिया से। उसका क्या रहस्य है?
**बाबा-** बहुत लोग मर जाते हैं?
**दूसरा जिज्ञासु-** बरबादी ज्यादा करती है।
**बाबा-** जब नारायण प्रत्यक्ष होगा, एक तरफ जब प्रत्क्षता होगी तो विनाश नहीं शुरू होगा?
**जिज्ञासु-** होगा।
**बाबा-** फिर क्या बात ? और बिहार बहार लाएगा या नहीं लाएगा?

**Time: 03.10-04.03**
**Student:** Baba, river Narayani flows between U.P. and Bihar.
**Baba:** Yes, Yes.
**Student:** And that river ruins many people. It devastates many villages.
**Baba:** Many people...?
**Student:** It sweeps away many villages from their place. What is the secret behind this?
**Baba:** Many people die?
**Another Student:** It brings lot ruination.
**Baba:** When Narayan is revealed, when on one side the revelation takes place, then won't the destruction start?
**Student:** It will.
**Baba:** Then what's the doubt? And will Bihar bring glory (*bahaar*) or not?



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

**समय- 04.12-05.59**

**जिज्ञासु-** बाबा, क्या एडवान्स में विजय माला बनेगी?

**बाबा-** एडवान्स की विजय माला? एडवान्स की विजय माला कैसे बनेगी?

**जिज्ञासु-** एडवान्स की रूद्रमाला है।

**बाबा-** एडवान्स की तो रूद्रमाला है। विजयमाला को भी रूद्रमाला बनाए लेंगे। जो विजयमाला की आत्मायें हैं जब एडवान्स में आके मिक्स हो जायेंगी तो वो भी क्या बन जायेंगी? रूद्रमाला पक्की मजबूत बन जाएगी। राजाओं की माला बन जाएगी। अभी राजायें कहें या आधीन कहें? अभी क्या कहें? अभी जो रूद्रमाला के मणके हैं उनको आधीन कहें या राजा कहें? अभी तो आधीन हैं। अभी बताया माया के दास और काहे के दास? प्रकृति के दास। प्रकृति माना जो पांच तत्वों का बना हुआ शरीर है उस शरीर में जो कर्मेन्दियाँ हैं उन कर्मेन्द्रियों के दास बने पड़े हैं। कर्मेन्द्रियों की पूर्ति होती है तो खुश हो जाते हैं अल्पकाल के लिए। पूर्ति नहीं होती है तो दुखी हो जाते हैं उदास हो जाते हैं। उदास माना? उदास माना दास।

**Time: 04.12-05.59**
**Student:** Baba, will the *Vijaymaalaa*[1] be prepared in the *advance* [party] as well?
**Baba:** *Vijaymaalaa* of the *advance* [party]? How will *Vijaymaalaa* be prepared in the *advance* [party]?
**Student:** There is the *Rudramaalaa*[2] of the advance [party].
**Baba:** There is the *Rudramaalaa* of the *advance* [party]. They will make even the *Vijaymaalaa* into the *Rudramaalaa.* When the souls of the *Vijaymaalaa* come and *mix* themselves in the advance [party], then what will that also become? The *Rudramaalaa* will become firm and powerful. It will become the rosary of kings. Will they be called kings or subordinates now? What will they be called now? Now, those who are the beads of the *Rudramaalaa*; will they be called kings or subordinates? Now they are certainly subordinates. It was said just now, the servants of Maya and the servants of what else? The servants of *Prakriti* (nature). *Prakriti* means the body made of the five elements, the *karmendriya*[3] in that body; they have become the servants of those *karmendirya*. If the [desire] of the *karmendriya* is fulfilled, they become happy momentarily. If it is not fulfilled, they become upset (*udaas*). Being upset means? Being upset means [being] a servant.

**समय-06.01-07.57**

**जिज्ञासु-** बाबा, 500-700 करोड़ की मनुष्य आत्माओं में से 200 करोड़ तो गर्भ में ही रहती है। पर मुरली में बोला है कि कम से कम एक जन्म का सुख हर एक आत्मा को मिलता है।

**बाबा-** 600 (करोड़) आत्मायें गर्भ में रहती हैं? 600 करोड़ गर्भ में रहती हैं बाकी एक करोड़ ढेड़ करोड़ गर्भ में नहीं रहती?

---
[1] The rosary of victory.
[2] The rosary of Rudra
[3] Parts of the body used to perform actions.



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

**जिज्ञासु-** ...500 करोड़।

**बाबा-** 500 करोड़ जो बोले हैं मोस्टली वो तो मनुष्य की कोटी के हैं जिनका मनन चिंतन मंथन चलता है। मन काम करता है मन-बुद्धि। बाकी 200 करोड़ तो ऐसे हैं जैसे कीड़े - मकोड़े। पतंगों के मिसल रात में आए और सवेरे को खलास। मनन-चिंतन-मंथन उनका जास्ती चलता ही नहीं है। इसीलिए जैसे कि वो मनुष्य की कोटी के हैं ही नहीं। इसीलिए मुरली में बोला है मोस्टली 500-550 करोड़ हैं मनुष्य और बाकी सब कीड़े-मकोड़े हैं।

**Time: 06.01-07.57**
**Student:** Baba, among the five-seven billion human souls, two billion [souls] remain just in the womb. However it is said in the murli, every soul receives happiness at least for one birth.
**Baba:** Do six billion souls remain in the womb? [Do you mean to say] six billion [souls] remain in the womb, and the remaining one billion-one and a half billion don't remain in the womb?
**Student:** ...Five billion.
**Baba:** As regards the five billon [souls] that have been mentioned, most of them are of the category of human beings, who think and churn, whose mind and intellect works. Other than them the two billion [souls] are like insects and spiders. They are like moths; they come in the night and die in the morning. They certainly don't think and churn much. That is why, it is as if they are not in the category of human beings at all. This is why it is *mostly* said in the murlis: Five-five and a half billion [souls] are human beings and the rest are insects and spiders.

बैठ क्यों जाते हो जल्दी समझ में आ गई बात?

**जिज्ञासु-** थोड़ी-2 आइ है बाबा।

**बाबा-** तो पूरी बात जो नहीं (समझ में) आइ वो क्लियर कर लो।

**जिज्ञासु-** जो जानवर मिसल हैं...

**बाबा-** जानवर मिसल नहीं, पतंगे मिसल। जानवर की तो फिर भी लंबी आयु होती है।

**जिज्ञासु-** उनकी बुद्धि काम नहीं करती क्या बाबा?

**बाबा-** हाँ, कीड़े- मकोड़ों में कोई बुद्धि होती है? जानवरों में हाथी में देखो कितनी बुद्धि होती है फिर भी।

Why do you sit down soon, did you understand the concept?
**Student:** Baba, I understood it a little.
**Baba:** Then *clear* what you didn't understand completely.
**Student:** Those who are like animals...
**Baba:** Not like **animals** but like **moths**. An animal still has a long life span.
**Student:** Baba, doesn't their intellect work?
**Baba:** Yes, do insects and spiders have any intelligence? Look, among the animals an elephant still has so much intelligence!



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

**समय: 8.00-10.06**

**जिज्ञासुः-** आज मुरली में आया कि ड्रामा कल्याणकारी है। हमारे हाथ में एक रोज गंभीर चोट लग गया। इसमें क्या कल्याण है?

**बाबा-** अरे, तुम्हारा पूर्व जन्म का हिसाब-किताब नहीं है? पूर्व जन्म का हिसाब-किताब पूरा हो गया, हल्के हो गये कि भारी हो गये? क्यों?

**जिज्ञासुः-** हल्कापन नहीं लग रहा है।

**बाबा-** हल्कापन अभी नहीं लग रहा है, दर्द हो रहा है? ये भी हिसाब-किताब है। आखिर दर्द बंद होगा कि नहीं होगा? तो हल्का लगने लगेगा। पूर्व जन्मों की बात तो बार-2 भूल जाती है। नास्तिक धर्म वालों का इतना प्रभाव हो गया है... वो कहते हैं पुनर्जन्म होता ही नहीं। क्रिश्चियन, मुसलमान भी कहते हैं कि पुनर्जन्म होता ही नहीं, एक ही जन्म होता है। फिर कयामत में खुदा आकरके सबको कब्रदाखिल में से जगाता है तब फिर दूसरा जन्म होता है। और बाप ने हम बच्चों को आकरके, कल्प-2 आकरके पुनर्जन्म की बात बतायी कि तुम बच्चे अनेक जन्म लेते हो, 84 के चक्र में आते हो। अगर पुनर्जन्म की बात याद रहे तो ड्रामा याद रहेगा कि नहीं याद रहेगा। फिर प्रश्न ही पैदा नहीं होता ऐसा क्यों हुआ? हमको दुःख क्यों हो गया? कल्याणकारी है तो अकल्याण क्यों हो गया? शिवबाबा भी कल्याणकारी और ड्रामा भी कल्याणकारी और हमारे हाथ में जो चोट लगी ये पार्ट भी कल्याणकारी।

**Time: 8.00-10.06**

**Student:** It was mentioned in today's murli that the drama is beneficial. And one day, I suffered a serious injury in my hand. How is it beneficial?

**Baba:** *Arey*, don't you have karmic accounts of the past birth? When your karmic account of the past birth has been settled, did you become light or heavy? Why?

**Student:** I do not feel light.

**Baba:** You are not feeling light now. Are you experiencing pain? This also is a karmic account. Ultimately will the pain subside or not? Then you will start feeling light. You forget the topic of the past births again and again. The effect of the people of the atheist religion has increased so much... They say that there is no rebirth at all. The Christians and the Muslims also say that there is no rebirth at all, there is only one birth. Then, God (*Khudaa*) comes at the time of destruction (*qayaamat*) and wakes up everyone from the grave; it is then that another birth takes place. And the Father has come and narrated to us children the topic of rebirth cycle after cycle: you children have many births; you pass through the cycle of 84 births. If the topic of rebirth remains in the intellect, then will you remember *drama* or not? Then [this] question does not arise at all, 'Why did it happen like this? Why did I experience sorrow? If it is beneficial, why did [I] suffer harm?' Shivbaba as well as *drama* is beneficial and the injury that I suffered in my hand, this *part* is also beneficial. ☺



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

**जिज्ञासुः** अच्छा बाबा ये ठीक होगा या ऐसा ही रहेगा?

**बाबा-** क्या?

**जिज्ञासुः** जो हाथ में चोट लगी है।

**बाबा-** सारी दुनियां ठीक होगी कि नहीं ठीक होगी? अरे! सारी दुनियां ठीक होगी कि नहीं होगी?

**जिज्ञासुः** होगी।

**बाबा-** तो ये छोटी सी चीज ऐसी ही बनी रहेगी?

**Student:** *Acchaa*, Baba, will this become alright or will it remain as it is?
**Baba:** What?
**Student:** The injury that I have suffered in my hand.
**Baba:** Will the entire world improve or not? *Arey*, will the entire world improve or not?
**Student:** It will.
**Baba:** So, will this small thing remain as it is?

**समय- 10.45-12.54**

**जिज्ञासु-** बाबा, मुरली में बोला कि रूमाल खोया तो कभी खुद को भी खो देंगे।

**बाबा-** बिल्कुल, रूह का माल खो गया फिर क्या रह गया?

**जिज्ञासुः-** वो कैसे बाबा?

**बाबा-** कोई भी चीज़ खो जाती है तो खोने के संस्कार पक्के हो जाते हैं कि नहीं? संगमयुग में तो एलर्ट रहना चाहिए या अलबेला रहना चाहिए? अलबेलेपन के संस्कार संगमयुग में आये माना 84 जन्मों का खाता बिगड़ गया। हर समय एलर्ट रहना चाहिए। जो भी चीज़ हमको मिली हुई है वो यज्ञ की चीज़ है या हमारी अपनी चीज है? क्या समझना है? हमारे पास दो रूपये भी हैं तो किसके लिए हैं? यज्ञ के लिए हैं या हमारे अपने लिए हैं? यज्ञ की चीज़ है। और यज्ञ का कणा-दाना...। वो तो रूमाल है फिर भी उसकी पांच रूपये कीमत है। और यज्ञ में एक चावल का दाना उसकी कीमत कितनी है? कम कीमत बताई कि ज्यादा बताई? यज्ञ के कणे-दाने की भी बहुत कीमत है। उसकी भी संभाल करनी चाहिए। बर्बाद नहीं करना चाहिए।

**Time: 10.45-12.54**
**Student:** Baba, it has been said in a murli that if you lose your handkerchief (*ruumaal*), then you will also lose yourself one day.
**Baba:** Definitely. If you lose the *maal* (property) of the *ruuh* (soul), what else remains?
**Student:** Baba, how is that?
**Baba:** If you lose anything, do the *sanskaars* of losing [things] become firm or not? Should you be *alert* in the Confluence Age or should you be careless? If you have the *sanskaars* of carelessness, it means that your account of 84 births has spoilt. You should remain *alert* all the time. Whatever we have received, does it belongs to the *yagya* or does it belong to us? What should we think? Even if we have two rupees, for what purpose is it meant? Is it for the *yagya* or for our self? It belongs to the *yagya.* And every grain of the *yagya*… That is a

handkerchief; it still costs five rupees; and what is the cost of a grain of rice in the *yagya*? Was it said to be of less value or more [value]? Even a grain of the *yagya* is very valuable; it should also be taken care of. It should not be wasted.

तो रूमाल तो बहुत बड़ी चीज हो गयी। और हद के रूमाल की बात नहीं है। बेहद का भी रूमाल होता है। क्या? रूह माना क्या? आत्मा और आत्मा का माल... माल क्या होता है? प्यूरिटी। आत्मा मे जितनी प्यूरिटी होगी समझो बहुत मान-मर्तबा भर गया। जितनी प्यूरिटी बढ़ती जावेगी उतनी मान-मर्तबा बढ़ता जावेगा। रूह का माल बर्बाद नहीं करना चाहिए।

So, a handkerchief is a very big thing; and it is not about a limited handkerchief. There is an unlimited handkerchief (*ruumaal*) as well. What? What is meant by *ruuh*? Soul. And what is the *maal* (property) of the soul? *Purity*. The more *purity* a soul has, consider that the more respect and honour is contained in it. The more the *purity* increases, the more its respect and honour will increase. One should not waste the property of the soul.

**समय- 13.02-16.05**

**जिज्ञासु-** बाबा, मुरली में बोला है कि मधुबन में बाबा स्वयं दौड़ी पहन कर आते हैं।

**बाबा-** हाँ! जहाँ मधु है और जहाँ बन है...। मधु माना बेहद की मिठास वृत्ति है। वायब्रेशन में मिठास भरा हुआ है। वाणी में मिठास भरा हुआ है। आपस के जो संकल्प का लेन-देन होता है उनमें मिठास भरा हुआ है। तो वहाँ बाबा आवेंगे। और क्या कडुआ बोल बोलने वालों के बीच में आवेंगे? कडुआ बोल देहअभिमानी बोलते हैं कि आत्माभिमानी बोलते हैं? देहअभिमानी कडुआ बोल बोलेंगे। देहअभिमानी बच्चों के बीच में बाप क्यों आवेगा? मैं तो बात भी नहीं करता हूँ। शिवबाबा क्या कहते हैं? मैं किससे बात करता हूँ? मैं अपने आत्मा रूपी बच्चों से बात करता हूँ। जो देहअभिमान में रहते हैं, मान-मर्तबे में रहते हैं उनसे तो मैं बात भी नहीं करता हूँ। आगे चलके बिल्कुल ही बात करना बंद कर दूँगा।

**Time: 13.02-16.05**

**Student:** Baba, it has been said in a murli that Baba himself comes running to Madhuban.

**Baba:** Yes. The place where there is *madhu* (honey) and *ban* (forest)... *Madhu* means the place where there are the unlimited vibrations of sweetness. There is sweetness in the vibrations. There is sweetness in the words. There is sweetness in the exchange of thoughts with each other. Baba will come there. Or will He come among those who speak bitterly? Do the body conscious people speak bitterly or do the soul conscious people speak bitterly? The body conscious people will speak bitterly. Why will the Father come among the body conscious children? I do not even talk [to them]. What does Shivbaba say? With whom do I talk? I speak to My soul like children. I do not even talk to those who remain in body consciousness, in [the ego of] their respect and position. I will completely stop talking to them in future.



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

**जिज्ञासु-** देहअभिमनियों से बाबा?
**बाबा-** देहभान वालों से बात करना बंद कर दूँगा। आत्माभिमानी बच्चों से बात करूँगा। अभी भी ऐसे ही है। रूहानी बाप रूहानी बच्चों से बात करते हैं। तो मुधबन में... मिठास वृत्ति है वहाँ मधुबन है। जहाँ बेहद की बन की तरह, जंगल की तरह वैराग्य वृत्ति है वहाँ मधुबन है। मिठास वृत्ति भी हो और साथ-2 वैराग्य वृत्ति भी हो। तो जिन-2 आत्माओं के संगठन में बेहद की वैराग्य वृत्ति, बेहद की मिठास वृत्ति है वहाँ-2 संगठन में मधुबन में मैं आता हूँ और दौड़ी पहनके आता हूँ क्या? अपने आप दौड़ के आता हूँ। बुलाने की दरकार, मुख से बुलाने की, झाँझ-मंजीरा बजाने की दरकार नहीं है। कहते हैं बाबा आप यहाँ क्यों नहीं आते? यहाँ देर से क्यों आते हो? उसका कारण क्या बताया? ज़रूर संगठन मे कड़ुवे बोल चल रहे हैं, जरूर संगठन में लगाव-झुकाव की बीमारी चल रही है। इसलिए बाबा का आना नहीं होता है जल्दी-2। बढ़िया प्रश्न करते हो।
जिज्ञासु- बाबा, मुरली के पोइन्टस् हैं।
बाबा- मुरली के पोइन्ट और निकालो। मुरली के पोइन्ट समझने-समझाने के लिए ही होते हैं। और काहे के लिए होते हैं? ज्ञान रतन हैं। गहराई में घुसो। सागर की गहराई में घुसते हैं तो रतन बढ़िया-2 मिलते हैं।

**Student:** Baba, with the body conscious ones?
**Baba:** I will stop talking to those with body consciousness. I will talk to the soul conscious children. Even now it is like this. The spiritual Father talks to the spiritual children. So, the place where there are vibrations of sweetness is Madhuban. The place where there are vibrations of detachment like an unlimited forest there is Madhuban. There should be the vibrations of sweetness and along with that there should be the vibrations of detachment too. So, the gathering of the souls where there are the vibrations of unlimited detachment and unlimited sweetness I come to such gathering, Madhuban and I come running. What? I come running on my own. There is no need to call Me, to call through the mouth; there is no need to play cymbals etc. [People] say, 'Baba why don't you come here? Why do you come to this place after such a long time?' What was the reason mentioned for that? Definitely bitter words are being spoken in that gathering; definitely there is some disease of attachment and inclination in that gathering. This is why Baba does not go there frequently. You ask nice questions.
**Student:** Baba, these are points of murli.
**Baba:** Extract more points from the murlis. Murli points are meant only for understanding and explaining. What else are they meant for? These are the gems of knowledge. Go deep into it; when you dive deep into the ocean, you get nice gems.

**समय- 16.09-17.55**
**जिज्ञासु-** बाबा, मुरली में आता है - ब्रहमा, विष्णु, शंकर भी वर्थ नाट ए पेनी हैं।
**बाबा-** और क्या? शिवबाबा के मुकाबले शंकर वर्थ नाट ए पेनी है। शिवबाबा और शंकर ताऊ - ये दोनों अलग-2 हैं कि एक ही एक हैं? बोलो। शिव जयन्ती गाई जाती है या शंकर जयन्ती



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

गाई जाती है? वैल्यूएबल गाया जायेगा या वर्थ नाट ए पेनी गाया जावेगा? तो शंकर की जयन्ती जैसे वर्थ नाट ए पेनी और शिवबाबा की जयन्ती वर्थ पाउंड। शिव आत्मा अलग और शंकर आत्मा अलग। जयन्ती माना प्रत्यक्ष होना। शंकर जयन्ती तो ब्रह्माकुमारियां भी जान जाती हैं। शंकर आया, शंकर आया, शंकर पार्टी आयी। उनकी बुद्धि में भी बैठ जाती है बात कि शंकर पार्टी वाले आ गये। शंकर पार्टी वाले आ गये माना? शंकर पार्टी कहां से निकली होगी? शंकर से ही निकली होगी। तो ये तो उनकी बुद्धि में भी बैठ जाता है। लेकिन शिवबाबा के बच्चे आ गये, ये उनकी बुद्धि में बैठता ही नहीं । तो शिवजयंती संसार में हो जाये, ब्रह्माकुमार-कुमारियों के बीच में हो जाये, सब धर्म वाले इस बात को जान लें वो निराकार शिव, सबका बाप गॉड फादर आया हुआ है। ये बड़ी बात है। ये वर्थ पाउंड जयन्ती है।

**Time: 16.09 -17.55**

**Student:** Baba, it is mentioned in the murli that Brahma, Vishnu and Shankar are also worth not a penny.

**Baba:** Is it not so? When compared to Shivbaba, Shankar is *worth not a penny*. Shivbaba and Shankar *Tau* (father's elder brother), are both of them separate or are they one and the same? Speak up; is Shiva *jayanti* (the birthday of Shiva) famous or is Shankar *jayanti* (the birthday of Shankar) famous? Will a *valuable* one be praised or the one who is *worth not a penny* be praised? So, Shankar's *jayanti* is *worth not a penny* and Shivbaba's *jayanti* is *worth pound*. The soul Shiva is different and the soul Shankar is different. *Jayanti* means to be revealed. Even Brahmakumaris know about Shankar *jayanti*. [They keep on saying:] Shankar has come, Shankar has come; Shankar *party* has come. [This] topic sits even in their intellect that the people of the Shankar *Party* have come. What is meant by 'the people of Shankar Party have come'? From where must the Shankar *Party* have emerged? It must have emerged from Shankar alone. So, this sits in their intellect as well. But it does not sit in their intellect that Shivbaba's children have come. So, Shiva *jayanti* should take place in the world, in front of Brahmakumar-kumaris. The people of all the religions should know that the incorporeal Shiva, who is everybody's Father, *God* the *Father* has come, this is the big deal. This is *worth pound jayanti*.

**समय-17.59-19.29**

**जिज्ञासुः-** बाबा, जो मुरलियाँ हैं, मुरलियों की एक-2 कॉपी करोड़ों में छपेगी। टी.वी. में, अखबारों में होगा कि बाबा आया हुआ है। तो ये कब होगा?

**बाबा-** कोई बड़ा आदमी चारों तरफ जिसकी शोहरत हो जाती है वो कुछ बोलता है तो अखबारों में नहीं छप जाता है? तो अखबार लाखों करोड़ों की तादाद में छपते हैं या थोड़ी तादाद में छपते हैं? ( जिज्ञासु ने कुछ कहा।) तो ऐसे होगा। यह कोई बड़ी बात हो गयी?

**जिज्ञासु-** कब तक?

**बाबा-** अहँ! अभी तो बताया - बच्चे के द्वारा बाप की प्रत्यक्षता होती है। बच्चे की जयंती कौन-सी? कितने दिन हो गये भट्ठी किये हुए? भट्ठी किये हुए कितना टाइम हुआ?

**जिज्ञासु** -दो साल।

**बाबा-** दो साल हो गए। दो साल में रोज मुरली सुनना चाहिए। तो सारी बात बुद्धि में आ जाए। कृष्ण बच्चे की जयंती बताई या नहीं बताई? 2018 में कृष्णजयंती। तो जब कृष्णजयंती है तो बच्चे के साथ बाप की जयंती तो है ही है। बाप किसके द्वारा प्रत्यक्ष होते हैं? बच्चों के द्वारा प्रत्यक्ष होते हैं। बच्चों में अव्वल नंबर बच्चा कौन? कृष्ण बच्चा। एक के पावन बनने से सब पावन बन जाते हैं। एक के पतित बनने से सब पतित बन जाते हैं।

**Time: 17.59-19.29**
**Student:** Baba, crores (millions) of copies of every murli will be published. Baba, it will be known through TV, newspapers that Baba has come. So, when will that happen?
**Baba:** When a big personality, who becomes famous everywhere speaks something, is it not published in the newspapers? So, are the newspapers published in lakhs (hundred thousands) and crores (millions) or in small numbers? (Someone said something.) So, it will happen like this. Is it a big deal?
**Student**: Till when?
**Baba**: Eh! Just now it was said that the Father is revealed through the child. Which is the child's *jayanti*? How many days have passed since you did the *bhatti*? How much time has passed after you did the *bhatti*?
**Student:** Two years.
**Baba:** Two years have passed. You should have listened to the murlis daily during the two years. Then, everything would have sat in the intellect. Is it mentioned about the *jayanti* of the child Krishna or not? Krishna *jayanti* takes place in 2018. So, when there is Krishna *jayanti*, then the Father's *jayanti* certainly takes place along with the [*jayanti* of the] child. Through whom is the Father revealed? He is revealed through the children. Who is the No.1 child among the children? The child Krishna. When one becomes pure, then everyone becomes pure. When one becomes sinful, then everyone becomes sinful.

**समय-19.47-20.57**
**जिज्ञासुः-** बाबा, शास्त्रों में भी है कि कौरव, पाण्डव दिन में लड़ते थे।
**बाबा-** हाँ, दिन में लड़ते थे।
**जिज्ञासु-** रात को खीरखण्ड हो जाते थे।
**बाबा-** रात को खीरखण्ड हो जाते थे।
**जिज्ञासु-** सोचते थे हमारे में तो क्रोध का अंश आ गया।
**बाबा-** हाँ।
**जिज्ञासु-** बाबा हम आपसे माफी माँगते हैं। इसका क्या अर्थ हुआ बाबा ?
**बाबा-** इसका अर्थ ये हुआ कि जब रात होती है तो माना अज्ञान की रात हो जाती है। बुद्धि में अज्ञान आता है तब आपस में लड़ते हैं या बुद्धि में ज्ञान आता है कि हम आत्मा-2 भाई-2 हैं तब आपस में लड़ाई लड़ते हैं? आत्मा की बिन्दी और ड्रामा की बिन्दी अगर बुद्धि में रहे तो ज्ञान है या अज्ञान है? ज्ञान है। तो दिन में लड़ते थे। क्या? जब (स्वधर्मी और विधर्मी का) ज्ञान आता है तो लड़ते थे और जब अज्ञानी हो जाते हैं तो लड़ाई की तो बात ही नहीं।



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

अज्ञान में तो अंधेरा ही अंधेरा है। ब्रह्मा की रात सो ब्राह्मणों की भी रात। ब्रह्मा का दिन तो ब्राह्मणों का भी दिन।

**Time: 19.47-20.57**
**Student:** Baba, it is mentioned in the scriptures as well that Kauravas and Pandavas used to fight in the day.
**Baba:** Yes, they used to fight in the day time.
**Student:** And they used to live in harmony, in the night.
**Baba:** They used to live in harmony, in the night.
**Student:** They used to think that a trace of anger entered us.
**Baba:** Yes.
**Student:** Baba, I seek your pardon. What does this mean?
**Baba:** It means that when the night falls, the night of ignorance falls. Do they fight when ignorance fills the intellect or do they fight amongst themselves when the knowledge enters the intellect: 'we are brother like souls among ourselves'? If the point of soul and the point of the *drama* remains in the intellect, then is it knowledge or ignorance? It is knowledge. So, they used to fight in the day. What? When there is the knowledge [about who is a *swadharmi*[4] and who is a *vidharmi*[5]], then they fought and when they become ignorant then there is no question of fight at all. There is darkness and only darkness in ignorance. Brahma's night is the Brahmins' night as well. Brahma's day is the Brahmins' day as well.

**समय-21.07-23.45**
**जिज्ञासु-** बनी बनाई बन रही है।
**बाबा-** हाँ।
**जिज्ञासु-** और इस समय जैसा पुरूषार्थ करेंगे कल्प-2 नूँध हो जाएगा।
**बाबा-** बनी-बनाई बन रही अब कछु बननी नाए, चिन्ता ताकि कीजिए जो अनहोनी होय। तो अब इसमें प्रश्न क्या पैदा होता है? (जिज्ञासु ने कुछ कहा।) कैसा पुरूषार्थ करें? तो जो बनी बनाई बन रही है उसके बारे में ज्ञान है कि क्या बन रही है? बनी बनाई कितने जन्मों में बनी? कितने जन्मों में बनती है और बिगड़ती है?
जिज्ञासु- 63 जन्मों में।
बाबा- 63 जन्मों में बनती भी है और 63 जन्मों में बिगड़ती भी है। तो वो बनी बनाई बन रही है अब कुछ नई तो बननी है नहीं। माना 63 जन्मों में हमने जितने अच्छे कर्म किये हैं, दूसरी आत्माओं को जितना सुख दिया है, अच्छे कर्म करके अपनी प्रारब्ध बनाई है, पुण्य का खाता बनाया है वो ही हमारा रील मे उदय हो रहा है। हमको अच्छे कर्म करने देगा, श्रीमत पर चलने देगा, श्रीमत के पट्टे से नीचे नहीं उतरने देगा तो इसलिए बनी-बनाई बन रही है, परन्तु उसके बारे में मालूम नहीं है हमको।

---
[4] Those who follow the Father's religion
[5] Those who follow a religion opposite to the Father's religion



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

**Time: 21.07-23.45**
**Student:** Whatever is predetermined is being enacted.
**Baba:** Yes.
**Student:** And as is the *purushaarth* (spiritual effort) that we make now, our [part] for many cycles will be fixed [accordingly].
**Baba:** Whatever is pre-determined is being enacted; nothing new is to be enacted now. Worry about something that hasn't happened. So, what question arises in this now? (The student said something.) What kind of *purushaarth* should we make? So, the predetermined [drama] that is being enacted; do you know about what is pre-determined? Whatever is predetermined; it was fixed in how many births? In how many births is it fixed and spoiled?
**Student:** In the 63 births.
**Baba:** It is fixed as well as spoiled in the 63 births. So, whatever is predetermined is being enacted. Nothing new is to be enacted now. It means that whatever good actions we have performed in the 63 births, to whatever extent we have given happiness to the other souls, whatever fruits we have earned by performing good actions, whatever account of noble actions we have made, that itself is emerging in our *reel*. It will allow us to perform good actions, it will allow us to follow shrimat, it will not allow us to step down from the track of shrimat. This is why whatever is predetermined is being enacted. But we do not know about it.

**दूसरा जिज्ञासु -** बाबा इस जन्म में जो हम पुरूषार्थ कर रहे हैं उसका क्या होगा?
**बाबा-** इस जन्म में जो हम पुरूषार्थ करें, वो हमें मालूम है कि हमने क्या बनाई है? रील उदय हो रही है। टाइम की रील जो है वो उघड़ती जा रही है लेकिन पूर्व जन्म में हमने क्या-2 कर्म किये हैं वो पता है? जब वो रील उदय हो जाती है हम अच्छा पुरूषार्थ करना चाहते हैं। और फिर खराब संकल्प लगातार आते हैं तो इससे क्या साबित होता है कि हमने अच्छा कर्म किया है या बुरा कर्म किया है? बुरे कर्म किये हैं तो रील खराब उदय हो रही है। अब इतना हमने जान लिया है कि जब पुरूषार्थ हमारा नीचा होता है, बहुत मेहनत करने पर भी पुरूषार्थ नहीं सुधरता है इससे साबित है कि हमने बुरे कर्म किये हैं। तो बुरी रील उदय हो रही है। इसलिए हमें क्या करना चाहिए? और तीखा पुरूषार्थ करना चाहिए। सारी दुनियांदारी छोड़-छाड़ करके एक ही तरफ बुद्धि लगाय देना चाहिए। आखरीन एक जैसा समय तो कभी किसी का रहता ही नहीं।

**Another student:** Baba, what about the *purushaarth* that we are making in this birth?
**Baba:** The *purushaarth* that we do in this birth... do we know what is predetermined for us? The *reel* is emerging; the *reel* of *time* is unwinding. But do we know what actions we have performed in the past births? When that *reel* emerges we wish to make good *purushaarth* and then bad thoughts emerge in our mind continuously; then what does it prove? Have we have performed good actions or bad actions? We have performed bad actions so, a bad *reel* is emerging. Now we have come to know this much that when our *purushaarth* is low, the *purushaarth* does not improve despite working very hard. It proves that we have performed bad actions; so, a bad *reel* is emerging. This is why what should we do? We should make even more intense *purushaarth*. We should leave all the worldly affairs (*duniyaadaari*) and



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

focus our intellect towards only the One. Ultimately, the time never remains the same for anyone at all.

**समय-23.47-26.49**

**जिज्ञासु-** बाबा, मुरली में बोला है कि सूर्य जब निकलता है तो उसकी तपत होती है।
